इकाई प्रश्न पत्र 1

1. भाषा और बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए।

भाषा विस्तृत क्षेत्र में प्रयुक्त होती है। एक भाषा के अंतर्गत उसकी उपभाषाएँ और उपभाषाओं के अंतर्गत उसकी बोलियाँ आ जाती हैं। जबकि भाषा का एक सीमित क्षेत्र में बोला जाने वाला स्थानीय रूप बोली कहलाता है।

2. निम्नलिखित स्थितियों में भाषा के किस रूप का प्रयोग हुआ है?

(क) समाचार वाचक द्वारा समाचार पढ़ना। **मौखिक भाषा**

(ख) सड़क पर दो व्यक्तियों का एक-दूसरे का आभार प्रकट करना। **मौखिक भाषा**

(ग) माता जी द्वारा कंप्यूटर पर कार्य करना। **लिखित भाषा**

(घ) छात्राओं द्वारा स्लोगन लिखना। **लिखित भाषा**

3. नीचे लिखे व्यंजनों को उनके वर्ग में स्थान दीजिए।

श य र ह क्ष म ठ व त्र फ

(क) स्पर्श **म, ठ, फ** (ख) अंतस्थ **य, र, व**

(ग) ऊष्म **श, ह** (घ) संयुक्त **क्ष, त्र**

4. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।

(क) **अंततः** – अं + त् + अ + त् + अः

(ख) **चाँद** – च् + आँ + द् + अ

(ग) **श्रमदान** – श् + र् + अ + म् + अ + द् + आ + न् + अ

(घ) **पर्वतीय** – प् + अ + र् + व् + अ + त् + ई + य् + अ

5. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए।

(क) रोना **रुलाई** (ख) हँसना **हँसी**

(ग) दौड़ना **दौड़** (घ) खट्टा **खटास**

(ङ) मीठा **मिठास** (च) थकना **थकान**

6. लिंग बदलिए।

(क) कर्ता **कर्त्री** (ख) विधाता **विधात्री**

(ग) नेता **नेत्री** (घ) पुत्रवान **पुत्रवती**

7. सदैव बहुवचन के रूप में प्रकट होने वाले चार शब्द लिखिए।

प्राण बाल होश हस्ताक्षर

8. निम्नलिखित वाक्यों में कारक पहचानते हुए भेद का नाम लिखिए।

(क)	पुलिस ने लुटेरों की मदद नहीं की।	**कर्ता कारक, संबंध कारक**
(ख)	स्टेशन से गाड़ी चल पड़ी।	**अपादान कारक**
(ग)	मुझे अस्मिता की कविता पसंद आई	**संबंध कारक**
(घ)	पेड़ पर चिड़िया बैठी है।	**अधिकरण कारक**

9. निश्चयवाचक सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

किसी निश्चित व्यक्ति, वस्तु या स्थान की ओर संकेत करने वाले सर्वनाम निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं जबकि सार्वनामिक विशेषण संज्ञा के साथ प्रयोग किए जाते हैं और उनकी विशेषता बताते हैं।

10. निम्नलिखित में रिक्त स्थान पर सर्वनाम का सही रूप भरिए।

(क)	आपको अपना काम **स्वयं** करना होगा।	(कल/स्वयं)
(ख)	कल आपके विद्यालय में **कौन** आया था?	(कोई/कौन)
(ग)	देखो **वह** मेरी पुस्तक है।	(उधर/वह)
(घ)	परसों आपके पास **वह** आया था।	(हम/वह)

11. कुछ स्थान रिक्त छोड़ दिए गए हैं, पूर्ति आप कीजिए।

(क)	**लघु**	लघुतर	**लघुतम**
(ख)	श्रेष्ठ	**श्रेष्ठतर**	श्रेष्ठतम
(ग)	उत्कृष्ट	**उत्कृष्टतर**	**उत्कृष्टतम**
(घ)	सरल	**सरलतर**	सरलतम

12. सही-गलत कथनों की पहचान कीजिए।

(क)	जिन क्रियाओं में दो कर्म पाए जाते हैं उन्हें एककर्मक क्रिया कहते हैं।	✗
(ख)	क्रिया के मूल रूप को कर्म कहते हैं।	✗
(ग)	प्रेरणार्थक क्रिया का कोई भेद नहीं होता।	✗
(घ)	वर्तमान काल के दो भेद हैं।	✗

13. निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के काल का भेद लिखिए।

(क) हवा धीरे-धीरे बह रही है।	अपूर्ण वर्तमान काल
(ख) उसे भूख नहीं लगी।	सामान्य भूतकाल
(ग) शेर मांसाहारी जीव है।	सामान्य वर्तमान काल
(घ) तुम जाने कब सुधरोगे?	संभाव्य भविष्यत्काल
(ङ) खेत जुत चुका था।	पूर्ण भूतकाल
(च) शायद कल बादल रहें।	संभाव्य भविष्यत्काल